2024 X 23

0900

Seat No. | |

DIV : | |

HINDI

Time : 3 Hours

Subject Code

| N | 1 | 1 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|---|

Total No. of Questions : 56 (Printed Pages : 16)

Maximum Marks : 80

सूचनाएँ :

(*i*) प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

(*ii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*iii*) दायीं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं।

## PART–I (MULTIPLE CHOICE QUESTIONS)

* **निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (प्र. क्र. 1, 2, 3 और 4)**

अमीना ने छाती पीट ली। यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दोपहर हुई कुछ खाया न पिया, लाया क्या ? चिमटा। ''सारे मेले में तुझे और कोई चीज ना मिली जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया ?'' हामिद ने अपराधी भाव से कहा, ''तुम्हारी उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं इसलिए मैंने इसे लिया।''

1. अमीना ने छाती पीट ली क्योंकि : 1

(A) हामिद ने सारे पैसे खर्च किए थे

(B) हामिद ने खुद भूखा-प्यासा रहकर एक चिमटा खरीदा था

(C) हामिद ने कुछ खाया-पिया नहीं था

(D) हामिद देर से घर लौटा था

2. हामिद ने किस प्रकार का चिमटा खरीदा ? 1

(A) चांदी
(B) पीतल
(C) लोहा
(D) सोना

3. छाती पीटना – इस मुहावरे का उचित अर्थ चुनकर लिखिए। 1

(A) दुखी होना
(B) शोक मनाना
(C) जोर से रोना
(D) चिंतित होना

4. हामिद ने चिमटा खरीदा क्योंकि : 1

(A) अमीना को चिमटा बहुत पसंद था

(B) चिमटे से वह खेलना चाहता था

(C) वह चिमटे से रोटियाँ सेंकना चाहता था

(D) अमीना की उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं

* **निम्नलिखित पद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (प्र. क्र. 5, 6, 7 और 8) :**

बह गई उस काल एक ऐसी हवा।
वह समुंदर-ओर आई अनमनी॥
एक सुंदर सीप का मुँह था खुला।
वह उसी में जा पड़ी मोती बनी।

5. बूँद किसमें गिरकर मोती बनी ? 1

(A) सीप में
(B) धूल में
(C) समुंदर में
(D) पानी में

6. 'अनमनी' शब्द का अर्थ विकल्पों में से चुनिए : 1

(A) प्रसन्न
(B) अस्थिर
(C) अप्रसन्न
(D) अनजान

7. हवा के बहने से बूँद : 1

(A) सीप की ओर आयी
(B) मोती की ओर आयी
(C) समुंदर की ओर आयी
(D) बादलों की ओर आयी

8. उपर्युक्त पद्यखंड जिस कविता से लिया गया है उस कवि के नाम का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय
(B) डॉ. मनोहर राय सरदेसाय
(C) नागार्जुन
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

* **नीचे दिए प्रश्नों के लिए निर्देशानुसार सही विकल्प चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 9 से 18 तक) :**

9. म् + औ + स् + अ + म् + अ इस वर्ण-विच्छेद के लिए सही शब्द चुनकर लिखिए : 1

(A) मोसम
(B) मासूम
(C) मौसम
(D) मौसाम

10. 'पुरस्कार' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद चुनकर लिखिए : 1

(A) प् + उ + र् + अ + स् + क् + आ + र् + अ

(B) प् + ऊ + र् + अ + स् + क् + आ + र् + अ

(C) प् + उ + र् + आ + स् + क् + आ + र् + अ

(D) प् + उ + र् + अ + स् + अ + क् + आ + र् + अ

11. 'हिदायत' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए : 1

(A) सलाह

(B) चेतावनी

(C) हुक्म

(D) सुझाव

12. 'घृणा' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए : 1

(A) दुख

(B) शर्म

(C) नफरत

(D) क्रोध

13. 'आशा' इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनकर लिखिए : 1

(A) नीराशा

(B) नआशा

(C) निराषा

(D) निराशा

14. 'कर्कश' इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनकर लिखिए : 1

(A) मधूर

(B) मधुर

(C) मधुरता

(D) माधूर

15. रचित ने दादी माँ को कहानी पढ़कर नहीं सुनाई। (वाक्य का प्रकार चुनकर लिखिए) 1

(A) विधानवाचक वाक्य
(B) प्रश्नवाचक वाक्य
(C) निषेधवाचक वाक्य
(D) आज्ञावाचक वाक्य

16. क्या पक्षी आकाश में उड़ रहा है ? (विधानवाचक वाक्य चुनकर लिखिए) 1

(A) पक्षी आकाश में उड़ रहा है

(B) पक्षी आकाश में नहीं उड़ रहा है

(C) अरे! पक्षी आकाश में उड़ रहा है

(D) शायद पक्षी आकाश में उड़ रहा है

17. आकाश में तारे चमक रहे हैं। (वाक्य का सामान्य वर्तमानकाल भेद चुनकर लिखिए) 1

(A) आकाश में तारे चमके हैं

(B) आकाश में तारे चमक गये हैं

(C) आकाश में तारे चमकते हैं

(D) आकाश में तारे चमके

18. मैं पूरा पाठ लिख रहा हूँ। (काल का भेद चुनकर लिखिए) 1

(A) सामान्य वर्तमानकाल
(B) अपूर्ण वर्तमानकाल
(C) पूर्ण वर्तमानकाल
(D) पूर्ण भूतकाल

* **निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित अव्यय शब्दों के भेद विकल्पों में से चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 19 और 20) :**

19. सुरेश <u>बहुत</u> खेलता है। 1

(A) क्रियाविशेषण अव्यय
(B) समुच्चयबोधक अव्यय
(C) संबंधबोधक अव्यय
(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

20. <u>शाबाश!</u> तुमने कक्षा को अच्छी तरह से सँभाला है। 1

(A) क्रियाविशेषण अव्यय
(B) समुच्चयबोधक अव्यय
(C) संबंधबोधक अव्यय
(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

* **नीचे दी गई सहायक क्रियाओं के लिए उचित वाक्य विकल्पों में से चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 21 और 22) :**

21. पाना 1

(A) बच्चा रेत में खेल पाया

(B) बच्चा रेत में खेल न पाया

(C) बच्चा रेत में खेल पा सका

(D) बच्चा रेत में खेल पा रहा है

22. चुकना 1

(A) सोहन का निशाना चुक गया

(B) सोहन ने काम कर चुकना

(C) सोहन काम कर चुका

(D) सोहन का निशाना चुका

* **निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित मुहावरों के सही अर्थ विकल्पों में से चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 23 और 24) :**

23. उसकी खिदमत करना मेरा फर्ज है। 1

(A) भलाई करना

(B) प्रशंसा करना

(C) नकल करना

(D) सेवा करना

24. राज ने चोरी की है यह सुनकर पिताजी क्रोध से काँपने लगे। 1

(A) आश्चर्य से देखना

(B) गुस्से का उपहास करना

(C) बहुत गुस्सा आना

(D) शोक मनाना

* **निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 25 से 34) :**

मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति रहे। विज्ञान की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रपति भवन के द्वार उनके लिए स्वतः खुल गए। जो व्यक्ति किसी क्षेत्र विशेष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, उसके लिए सब सहज हो जाता है और कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। अब्दुल कलाम इस उद्धरण का प्रतिनिधित्व करते नजर आते थे। वे दृढ़ इच्छा शक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना

चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्म भूषण' तथा 'पद्म विभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था–'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

25. डॉ. कलाम के लिए राष्ट्रपति भवन के द्वार स्वतः ही इसलिए खुल गए थे, क्योंकि : 1

(A) उन्होंने जादू की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन किया था

(B) उन्होंने विज्ञान की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन किया था

(C) उन्होंने खेल की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन किया था

(D) उन्होंने फिल्मी दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन किया था

26. किसी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को : 1

(A) कुछ भी हासिल नहीं होता

(B) कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता

(C) कुछ भी सरल नहीं होता

(D) कुछ भी आसान नहीं होता

27. डॉ. कलाम जी ने कौनसा सपना सँजोया था ? 1

(A) भारत को सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का

(B) भारत को स्वयंपूर्ण बनाने का

(C) भारत को विकसित देश बनाने का

(D) भारत को विकासशील देश बनाने का

28. डॉ. कलाम जी के अनुसार हमें सपने देखकर उन्हें : 1

(A) विचारों में बदलना चाहिए

(B) हासिल करना चाहिए

(C) मूर्त रूप देना चाहिए

(D) भूलना चाहिए

29. भारत को डॉ. कलाम पर गर्व होने का उल्लेख इनमें से कौनसे विकल्प से ज्ञात होता है ? 1

(A) वे गैर-राजनीतिक व्यक्ति रहे हैं

(B) उन्हें 'भारत रत्न', 'पद्म भूषण' तथा 'पद्म विभूषण' से भी सम्मानित किया गया

(C) कलाम साहब का जीवन कुछ लोगों के लिए प्रेरणादायक है

(D) वे बच्चों को तपस्या और कर्मठता के उदाहरण दिया करते थे

30. डॉ. कलाम जी को कौनसा वाद्य बजाना पसंद था ? 1

(A) तबला

(B) वीणा

(C) बांसुरी

(D) हारमोनियम

31. डॉ. कलाम जी किसमें विश्वास रखते थे ? 1

(A) वैज्ञानिक चमत्कार में

(B) विचारों की कार्यवाही में

(C) सादा जीवन उच्च विचार में

(D) वैज्ञानिक उपलब्धियों में

32. डॉ. कलाम जी किसकी प्रतिमूर्ति हैं ? 1

(A) बुद्धि और विचार

(B) तपस्या और कर्मठता

(C) तपस्या और मेहनत

(D) बुद्धि और कर्मठता

33. डॉ. कलाम जी ने कबीरदास जी के दोहे का उल्लेख कब किया था ? 1

(A) सर्वोच्च सम्मान लेते समय दिए गए भाषण में

(B) किसी कार्यक्रम के भाषण में

(C) छात्रों के साथ बातचीत करते समय

(D) राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में

34. 'हकीकत' शब्द का अर्थ विकल्पों में से चुनकर लिखिए : 1

(A) जीवन (B) सच्चाई

(C) हालात (D) हक

* **निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए (प्र. क्र. 35 से 40) :**

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः हमें शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। हर एक मनुष्य वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से दूसरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

35. किस तरह के शब्द व्यक्ति को महान बनाते हैं ? 1

(A) आकर्षक शब्द (B) मधुर शब्द

(C) सरल शब्द (D) सम्मानजनक शब्द

36. प्रचलित भाषा का प्रयोग करने से बातचीत : 1

(A) सुंदर एवं सुगम बनती है

(B) सुगम एवं प्रभावशाली बनती है

(C) आसान एवं प्रभावशाली बनती है

(D) सुंदर एवं आसान बनती है

37. हमारा व्यक्तित्व कब चोट खा सकता है ? 1

(A) अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से

(B) अत्यंत आसान एवं सरल भाषा के प्रयोग से

(C) अत्यंत प्राचीन एवं कठिन भाषा के प्रयोग से

(D) अत्यंत मीठी एवं सरल भाषा के प्रयोग से

38. बातचीत में आदान-प्रदान होता है : 1

(A) केवल विचारों का

(B) भाषा एवं व्यक्तित्व का

(C) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(D) भावों एवं विचारों का

39. मनुष्य अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से : 1

(A) दूसरों पर राज करता है।

(B) दूसरों से नाता जोड़ता है।

(C) दूसरों का मनोरंजन करता है।

(D) दूसरों पर अपनी छाप छोड़ता है।

40. उपर्युक्त गद्यखंड का उचित शीर्षक है : 1

(A) बातचीत की कला

(B) साहित्यिक भाषा

(C) प्रचलित भाषा

(D) व्यक्तित्व

## PART–II (SUBJECTIVE)

* **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दस-पंद्रह शब्दों में लिखिए :** 6

41. लेखिका को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ छिप जाता था ?

42. माँ ने क्या सोचकर नई फुलकारी बनाना स्वीकार किया ?

43. पेड़ को किस बात पर अभिमान था ?

44. नमाज़ खत्म होते ही बच्चों ने क्या किया ?

* **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर चालीस-पचास शब्दों में लिखिए :** 8

45. बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ ने क्या दृश्य देखा ?

46. तूफान ने तिनके से हार क्यों मान ली ?

47. लेखिका के अस्वस्थ होने पर गिल्लू ने उसकी सेवा कैसे की ?

* **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दस-बारह शब्दों में लिखिए।** 4

48. लोगों का ईश्वर दरवाजा बंद करके क्यों बैठा है ?

49. रानी की समाधिं में क्या निहित है ?

50. घर छोड़ते समय लोग क्या करते हैं ?

* **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पच्चीस-तीस शब्दों में लिखिए :** 6

51. 'रहीमदास' ने परोपकारी मनुष्य के बारे में क्या बताया है ?

52. 'मेरा ईश्वर' कविता के माध्यम से कवि हमें क्या समझाना चाहते हैं ?

53. रानी लक्ष्मीबाई की समाधि रानी से भी अधिक प्यारी कैसे है ?

54. **निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए :** 5

विनय/विनीता बर्वे, शुभ निवास, सुंदर पेठ, डिचोली-गोवा से अपने मित्र/सहेली को अपनी पाठशाला में मनाए गए हिंदी दिवस समारोह का वर्णन करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

**55. निम्नलिखित अधूरी कहानी तीस-चालीस शब्दों में पूरी करके उसे उचित शीर्षक तथा सीख भी लिखिए :** 5

कई वर्ष पहले की बात है। सोनपुर राज्य में एक निरपराध मनुष्य को संदेह के आधार पर कैद कर दिया गया था। जेलखाने में कष्टमय जीवन बिताते उसे कई महीने बीत गये। एक दिन उस राज्य के राजा विरसेन जेलखाने का निरीक्षण करने वहाँ आ गए। उस कैदी ने महाराज को प्रणाम किया और बताया कि उस पर झूठे आरोप लगाकर उसे बंद कर दिया है, वह निर्दोष है।

महाराज ने उसकी सब बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और उसे जेल से मुक्त कर दिया। हरजाने के रूप में उसे कुछ पैसे भी दिये। जेलखाने से छूटकर वह सीधा चिड़ियाँ-बाज़ार में गया और दुकानदार से कहा .................... .

**56. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100-150 शब्दों में निबंध लिखिए :** 6

(A) परिवार का महत्व

(B) स्वच्छ भारत - सुंदर भारत

(C) इंटरनेट - लाभ और हानि

(D) ''मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ''

## Rough Work